**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 27 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे होने पर 324 नए क्रैच का उद्घाटन किया इसके साथ प्रदेश में कुल 500 क्रैच हो गए हैं यहां कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल की जा रही है।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर किसानों के खाते में बोनस के 378 करोड़ रुपए का सीधे हस्तांतरण भी किया।इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी और लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे।

**************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत महाकुंभ स्नान के लिए वरिष्ठ नागरिकों का पहला जत्था रवाना किया। रेवाड़ी से श्रद्धालुओं से भरी दो बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा:-

उल्लेखनीय है कि श्रद्धालुओं के साथ चिकित्सकों और सुरक्षा कर्मियों को भी भेजा गया है ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल रेवाड़ी की जनता को पांच नई इलेक्ट्रिक ए.सी. बसें समर्पित की। उन्होंने कहा कि ये बसें न केवल पर्यावरण के अनुकूल होंगी बल्कि क्षेत्रीय संपर्क को भी और मजबूत करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेवाड़ी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से दो दर्जन से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया है। उन्होंने यात्रियों को इलेक्ट्रिक बसों में एक सप्ताह तक निशुल्क यात्रा सुविधा देने की घोषणा की।उन्होंने कहा कि हरियाणा में यात्रियों की सुविधा और प्रदूषण को रोकने के लिए इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे यात्रियों को आने-जाने में ज्यादा सुविधा होगी।

**************************************************************************

गणतंत्र दिवस पर रोहतक में कल इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू हो गई। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया।उन्होंने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए शहर में 5 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया

है। शहर में चलने वाले यह इलेक्ट्रिक बस रोहतक बस अड्डे से संचालित होंगी। निर्धारित रूट पर हर 15 मिनट बाद इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध रहेंगी। इन वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों में दूरी के हिसाब से 10, 15 व 20 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। परिचालक ई-टिकटिंग मशीनों के द्वारा यात्रियों को टिकट उपलब्ध करवाएंगे। इन बसों में आगे व पीछे डिस्प्ले लगाई गई है जिससे यात्रियों को उनके स्टैंड का पता चलेगा। इन बसों में जीपीएस फीचर भी उपलब्ध है।

************************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में घरेलू हवाई अड्डे के निर्माण से लोगों को काफी लाभ होगा तथा क्षेत्र का विकास एवं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।श्री विज ने कल शाम अम्बाला छावनी में इस हवाई अड्डे से उड़ान प्रारंभ करने को लेकर नागरिक उड्डयन, भारतीय विमानन प्राधिकरण , पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की । बैठक में हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।श्री विज ने अधिकारियों से हवाई अड्डे से विमान सेवा प्रारंभ करने के लिए तेजी लाने को कहा।उन्होंने विमान सेवा प्रारंभ करने के लिए एजेंडे में बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विमान सेवा को प्रारंभ करने के लिए जल्द चंडीगढ़ में अगली बैठक भी की जाएगी। उन्होंने बैठक से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा से। संबंधित पहुंची मशीनरी व अन्य उपकरणों का अवलोकन भी किया।

************************************************************************

हरियाणा सरकार ने मत्स्य पालन करने वाले किसानों के लिए तीन मोबाइल जल परीक्षण प्रयोगशालायें शुरू करने का निर्णय लिया है ये प्रयोगशाला एक वैन में होगी और किसानों के पास जाकर उनके तालाब के जल और मिट्ठी का परिक्षण करेगी।